बेटे नहीं, बेटियां बढ़ाती हैं वंश आगे

विज्ञान ने किया बड़ा दावा

साक्षी केसरवानी

भोपाल, 28 जून. सदियों से समाज में धारणा है कि परिवार का वंश बेटे आगे बढ़ाते हैं. लेकिन आधुनिक विज्ञान और जेनेटिक (अनुवांशिक) अध्ययनों ने इस सामाजिक सोच को तोड़ दिया है. दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज के शोध में दावा किया गया है कि जैविक रूप से इंसान का वंश पुरुषों से नहीं, बल्कि बेटियों के जरिए आगे बढ़ता है.

क्यों और कैसे बेटियां बढ़ाती हैं वंश

मानव शरीर की हर कोशिका में दो तरह के डीएनए होते हैं. पहला न्यूक्लियर डीएनए और दूसरा 'माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए'(एमटी डीएनए) होता है. किसी भी बच्चे को जन्म लेने में बच्चे के रंग-रूप और बुद्धि को तय करने में न्यूक्लियर डीएनए 50% पिता से और 50% मां से आता है. लेकिन पिता से मिलने वाला यह डीएनए हर पीढ़ी में आधा हो जाता है. जैसे दादा से पिता में 50% पोते में 25% और परपोते में महज 12.5% रह जाता है.

मां का 'माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए' कभी नहीं बदलता

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, माइटोकॉन्ड्रिया में मौजूद करीब 16 हजार जींस के पेयर्स (एमटी डीएनए) केवल मां से ही बच्चे में ट्रांसफर होते हैं. बता दें यह खास डीएनए मां से बेटे और बेटी दोनों को मिलता है. लेकिन बेटा इसे आगे अपनी संतान में ट्रांसफर नहीं कर पाता. लेकिन बेटियां इस 'एमटी डीएनए' को बिना किसी बदलाव के अगली पीढ़ी में ट्रांसफर करती हैं.

वैश्विक रिसर्च के 3 चौंकाने वाले तथ्य

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 10 हजार सालों से महिलाओं के जरिए आगे बढ़ने वाले इस एमटी डीएनए में कोई बदलाव नहीं आया है. वहीं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (2013) के शोध के अनुसार इसी जेनेटिक जुड़ाव के कारण एक नातिन अपनी नानी से अधिक करीब होती है. दादा या पिता का ऐसा कोई पुराना जीन पोते में कभी ट्रांसफर नहीं होता है. शोध के अनुसार करीब 2 लाख साल पहले अफ्रीका में जन्मी एक महिला का एमटी डीएनए आज भी जीवित है.

बिना एमटी डीएनए के जीवन संभव नहीं

वैज्ञानिकों के मुताबिक माइटोकॉन्ड्रिया के बिना जीवन ही असंभव है. हम जो खाना खाते हैं और सांस लेते हैं, उसे शरीर के इस्तेमाल लायक ऊर्जा में बदलने का काम माइटोकॉन्ड्रिया करता है. दिल का धड़कना, दिमाग का चलना, सब इसी ऊर्जा से होता है. वहीं अगर गर्भधारण के समय अंडे में यह डीएनए न हो, तो भ्रूण का विकास नहीं होगा और जीवन की शुरुआत नहीं हो पाएगी.

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ सुनी 'मन की बात'

मन की बात में गूंजी ब्यावरा की पर्यावरण क्रांति

भोपाल, 28 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण में मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में चल रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान की सराहना की.

उन्होंने कहा कि यहां की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसका पुनर्चक्रण करते हुए शहर की सुंदरता बढ़ाने का अनुकरणीय कार्य किया है. प्रधानमंत्री ने इसे 'वेस्ट टू वेल्थ' और जनभागीदारी से सामाजिक परिवर्तन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के ग्राम कुकरू में ग्रामीणों के साथ 'मन की बात' को सुना. उन्होंने कहा कि ब्यावरा की महिलाओं का यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और महिला आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल है. प्रधानमंत्री ने आगामी गणेश उत्सव में मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं अपनाने का भी आह्वान किया.

> ब्यावरा में पर्यावरण प्रेमी संस्था के नेतृत्व में घरों और बाजारों से सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्र कर इको ब्रिक्स तैयार किए जा रहे हैं. इनसे पार्कों के लिए बेंच, गार्डन फर्नीचर और अन्य उपयोगी संरचनाएं बनाई जा रही हैं. अभियान में गृहिणियां, युवा, व्यापारी और स्कूलों के विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं. संस्था के अनुसार अब तक दो क्विंटल से अधिक प्लास्टिक का पुनर्चक्रण किया जा चुका है. नगर पालिका भी इस पहल से जुड़कर सार्वजनिक स्थलों पर इको ब्रिक्स से बने उत्पादों के उपयोग की योजना बना रही है.

साइबर ठगी के आरोपी को खजराना पुलिस ने दबोचा, हैदराबाद पुलिस को सौंपा

तेलंगाना पुलिस ने इंदौर में मांगी थी मदद, ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को ले जाएगी हैदराबाद

नव भारत न्यूज

इंदौर. ऑनलाइन लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को खजराना पुलिस ने हैदराबाद पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की लोकेशन खजराना और पलासिया क्षेत्र में मिलने पर संयुक्त कार्रवाई कर उसे हिरासत में लिया. गिरफ्तार आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद ले जाया जाएगा.

शनिवार को तेलंगाना के साइबराबाद साइबर थाना से इंस्पेक्टर शिवा प्रसाद अपनी टीम के साथ इंदौर पहुंचे और कंट्रोल रूम के माध्यम से खजराना थाना पहुंचे. उन्होंने बताया कि साइबर ठगी के एक मामले में आरोपी कपिल अहीर और तिलक शैवाल के खिलाफ उनके थाने में प्रकरण दर्ज है. जांच के दौरान मुख्य आरोपी कपिल अहीर की मोबाइल लोकेशन इंदौर के पलासिया और खजराना चौराहा क्षेत्र में मिली थी.

इस पर थाना प्रभारी मनोज सिंह ने दोबारा आरोपी की लोकेशन ट्रेस कराई और तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर हैदराबाद पुलिस के साथ रवाना किया. संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कपिल अहीर, जो मूल रूप से बुरहानपुर का निवासी है, को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया. इसके बाद आरोपी को नियमानुसार हैदराबाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया. हैदराबाद पुलिस आरोपी को जिला न्यायालय इंदौर से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ और कार्रवाई के लिए हैदराबाद ले जाएगी. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि हैदराबाद पुलिस की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई कर साइबर ठगी के आरोपी कपिल अहीर को हिरासत में लेकर तेलंगाना पुलिस के सुपुर्द किया है. आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर हैदराबाद ले जाया जाएगा, जहां मामले में आगे की जांच की जाएगी. कार्रवाई के बाद तेलंगाना पुलिस ने सहयोग के लिए खजराना और इंदौर पुलिस कमिश्नरेट का आभार व्यक्त किया.

45 जिलों में बारिश का अलर्ट

भोपाल, 28 जून. मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है, लेकिन मौसम का मिजाज अभी भी बदला हुआ है. मौसम विभाग ने भोपाल समेत 45 जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है. कई इलाकों में 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चल सकती है. विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों में हालात फिर अनुकूल होंगे और मानसून प्रदेश के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ेगा. भोपाल, इंदौर, देवास, सीहोर, रायसेन, विदिशा, गुना, अशोकनगर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, सागर, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवा की चेतावनी जारी की गई है. वहीं ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, उज्जैन, शाजापुर, रीवा, सतना और सिंगरौली में हल्की बारिश के आसार हैं. प्रदेश में पिछले चार दिनों की बारिश से हालात कुछ सुधरे हैं. एक जून से अब तक सामान्य 107.3 मिमी के मुकाबले 63.5 मिमी बारिश दर्ज हुई है. यानी अब भी प्रदेश में बारिश 41 प्रतिशत कम है.

कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं : जीतू

विशेष संवाददाता

भोपाल, 28 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की तैयारियों को गति देते हुए देवास जिले में ब्लॉक, नगर और मंडल अध्यक्षों का दो दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया.

शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाना रहा. प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि

कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं. उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत और प्रभावी बन सकता है, जब प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं और मुद्दों को प्रमुखता से उठाए. उन्होंने पदाधिकारियों से बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मजबूत संगठन की नींव बूथ स्तर पर ही तैयार होती है. उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियानों को तेज करना तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक पदाधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, राजनीतिक गतिविधियों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने, जनसंपर्क के विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई.

पुलिस भर्ती में अनफिट घोषित युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भिण्ड. जिले के फूप थाना क्षेत्र में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षण के दौरान अनफिट घोषित किए गए एक युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतक की पहचान रानी बिरगवां गांव निवासी 22 वर्षीय अजय बघेल के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि वह परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था. रविवार सुबह वह फंदे से लटका मिला.

CBSE Affiliation No 1030400

SANDIPANI ACADEMY

Maheshwar Road, Mandleshwar, Dist-Khargone (M.P.) 451 221

Ph : 7610489296, 7610489297 | E-mail: sandiacad@yahoo.co.in | Website: www.sandipaniacademy.org

Inspire the Child, Inspire the World

Above 90% – 38 students | 80–89% – 50 students
70–79% – 41 students | 60–69% – 29 students
Total 158 students passed in 1st Division

School Result Overview

Above 90% –7 students | 80–89% –12 students
70–79% – 26 students | 60–69% – 24 students
Total 69 students passed in 1st Division

CBSE CLASS 10th RESULTS 2026

Scholarship for Class 11th Admission :

Above 90% Marks in Class 10th	20% of Tution Fee
Above 85% to 90% Marks in Class 10th	15% of Tution Fee
Above 80% to 85% Marks in Class 10th	10% of Tution Fee

As per Results in 5 Main Subjects : 97.8%
DISTRICT TOPPER
98.8%
VEDEHI AWASTHI

BHAVESH VERMA 97.8%
TIYA VARMA 97.8%
SAMRATH KAUR DANG 97.4%

Shivam Deshmukh 96.8%
Patel Princekumar 96.4%
Nipurn Hirve 95.6%
Bhavya Patidar 95%
Riya Patidar 94.8%
Maimuna Khan 94.6%
Viraj Kumar Kashde 94.6%
Chinmay Patidar 94.6%
Anshuman Patidar 94%
Krati Patidar 94%
Charul Patel 93.8%
Riddhima Yadav 93.8%
Vishwajeet Pandey 93.8%
Yogendra Singh Thakur 93.4%
Rudra Singh Panwar 93.2%
Kratika Patel 93%
Pramodini Nagraj 92.6%
Anushree Patidar 92.6%
Kanika Patidar 92.4%
Bhavya More 92.4%
Riddhi Patidar 92.2%
Shivansh Birla 92%
Dhanraj Patidar 91.6%
Sarvesh Billore 91.4%
Anshraj Mourya 91.2%
Vedanshi Patidar 91.2%
Devansh Patidar 91%
Gourav Kushwah 90.8%
Arushi Sathe 90.8%
Disha Patidar 90.6%
Mayank Chouhan 90.6%
Yachna Solanki 90.4%
Keshav Patidar 90.2%
Janhavi Patel 90%

CBSE CLASS 12th RESULTS 2026

DISTRICT TOPPER
Commerce
97%
AISHPREET SINGH DANG

NANDANI KUMRAWAT 96.6%
PRAGATI PATIDAR 95.2%

Rehat Chhabra 91.8%
Anant Patidar 91.2%
Hritvi Patidar 91%
Anjali Thakur 90.6%
Ram Patidar 89.2%
Anushka Billore 87.8%
Ansh Laad 86.8%
Rishabh Patidar 86%
Devyani Bhuriya 85.2%
Parv Patidar 85%
Kartik Patidar 84%
Jamila Choudhary 83.8%
Saar Patidar 82.4%
Naina Patidar 81.4%
Shraddha Patidar 80.2%
Tanishk Yadav 80%
Divyansh Waghe 79.6%
Yash Patidar 79.6%
Janhvi Pandya 79.2%
Prashant Yadav 78.8%
Garima Patel 78.6%
Poorvi Sengar 78%
Lakshya Patidar 77.8%
Shraddha Maheshwari 77.6%
Daksh Somani 76.8%
Bhumika Patidar 76.6%
Khushboo Kushwah 76.4%
Jarul Patidar 76.2%
Diksha Yadav 75.6%

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60